प्रैस विज्ञप्ति

उच्च शिक्षा निदेशालय में दिनांक 15.02.2012 को जिला शिक्षा उपनिदेशकों की बैठक हुई । इस बैठक में उच्च शिक्षा निदेशक डॉ0 ओ0पी0 शर्मा ने विभाग क विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा उपनिदेशकों को समयबद्व ढंग से विभिन्न कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया । उन्होने प्रत्येक कर्मचारी के विवरण को पी.एम.आई.एस.(PMIS) में फरवरी 29, 2012 के अन्दर उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए । आई.सी.टी. (ICT) को स्कूल समय सारणी में शामिल करने, पुराने रिकार्डो को नियमानुसार नष्ट करने तथा इस सम्बन्ध में शिमला, मण्डी और कॉगड़ा जिलों को शरेडिंग मशीने उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए । उन्होनें जिला उपशिक्षा निदेशक कार्यालयों में कम्प्यूटर तथा आवश्यकता अनुसार स्टाफ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर स्कूल मुखिया की बैठक छःमाही से त्रमासिक करने, सब स्कूलों में वार्षिक समारोह मनाने, स्कूली बच्चों की भागेदारी राष्ट्रीय तथा राजकीय महत्वपूर्ण दिवसों पर सुनिश्चित करने, व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहन देने, स्कूल अपग्रेड करने के नियमों में बदलाव करने तथा शिक्षा सहिंता में सभी महत्वपर्ण पहलओं को शामिल करने तथा अध्यापक प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने हेतु आदेश दिए । बैठक में प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अवकाश सारणी में आवश्यक बदलाव करने हेतु समीक्षा के भी आदेश दिए । समस्त अधिकारियों को दृढ़ इच्छाशक्ति तथा अनुशासन के द्वारा अपने उतरदायित्व को निभाने को कहा गया ताकि वे उन अपेक्षाओं को पूर्ण कर सकें, जिनसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धिया निरन्तर सुनिश्चित हो सके ।

शिक्षा निदेशक(उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश ।

पृष्ठांकन सं0–शिक्षा–एच(8)1/2009–प्रैस विज्ञप्ति दिनांक 16.02.2012

प्रतिलिपि–

1. सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2 ।
2. प्रैस सचिव, माननीय मुख्य मन्त्री हि0प्र0 शिमला–2 ।
3. निदेशक आकाशवाणी शिमला, निदेशक दूरदर्शन शिमला ।
4. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, दिव्य हिमाचल पंजाब केसरी, आपका फैंसला, इंडियन एक्सप्रेस, दैनिक ट्रिब्यून, हिन्दुस्तान टाईम, जनसत्ता ।

शिक्षा निदेशक(उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश ।